2018 की सबसे बेहतरीन ओपनिंग मिली बागी-2 को, बागी-3 की हीरोइन को लेकर चर्चा

2018 में अब तक रिलीज़ हुई फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए बागी-2 ने बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए हैं. इस साल की सबसे बेहतरीन ओपनिंग टाइगर श्रॉफ स्टारर बागी-2 को मिलने से बागी-2 की पूरी टीम ने खुशी जताई है.

2018 में अभी तक पद्मावत को सबसे अच्छी ओपनिंग मिलने का दावा था लेकिन 3400 स्क्रीन्स पर रिलीज़ हुई बागी-2 को करीब 50 फीसदी रुझान के साथ सबसे बड़ी ओपनिंग मिली है.

संजय लीला भंसाली निर्देशित पद्मावत 3750 स्क्रीन्स पर रिलीज़ हुई थी लेकिन उसके प्रति रुझान इससे कम था.

कहा जा रहा है कि बागी-2 खिलाफ हुए कुछ प्रदर्शनों का फायदा इस फिल्म को मिला है. पद्मावत को भी विरोधों का फायदा मिला था लेकिन पहले दिन शाम के शो में वह बेहतर रुझान जुटा पायी थी. वहीं, बागी-2 को दिन के शो में ही शानदार ओपनिंग मिली है. छुट्टी के कारण भी इस फिल्म को लाभ होना बताया जा रहा है.

बेशक यह टाइगर श्रॉफ के करियर में सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म है. खबर यह भी है कि टाइगर की यह फिल्म दक्षिण और बंगाल में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है. इस साल की सबसे बढ़िया ओपनिंग जुटाने वाली फ़िल्में अब तक क्रम से ये रही हैं ङ्क

इस फिल्म की ओपनिंग के साथ ही, बागी-3 को लेकर चर्चाएं शुरू हो गयी हैं. निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने कहा है कि वह एक महीने के भीतर सीक्वल की हीरोइन के नाम की घोषणा कर देंगे. दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर कई कलाकार इस फिल्म की तारीफ़ कर रहे हैं. फिल्मकार आशुतोष गोवारिकर ने भी बागी-2 को बेहतरीन फिल्म करार दिया है.

शिवांगी को सह-कलाकार के रूप में पाना सौभाग्य : मोहसिन



अभिनेता मोहसिन खान ने कहा कि टेलीविजन धारावाहिक ये रिश्ता क्या कहलाता है में अपनी गर्लफ्रेंड शिवांगी जोशी का साथ पाकर वह खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं। मोहसिन ने कहा, अच्छी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री के लिए अच्छी दोस्ती, सहजता और समझ बेहद जरूरी हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे शिवांगी जैसी सह-कलाकार मिली। हम एक-दूसरे के साथ काफी सहज हैं, चाहे ऑन स्क्रीन की बात हो या ऑफ स्क्रीन की। हम बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्होंने कहा, और क्योंकि हमारी अच्छी दोस्ती है, यही वजह है कि स्क्रीन पर कार्तिक और नायरा के किरदारों में यह दिखाई देता है। मैं कह सकता हूं कि मोहसिन और शिवांगी के रूप में हमारा रिश्ता वैसा ही है जैसा शो में जैसा कार्तिक और नायरा का संबध है। ये रिश्ता क्या कहलाता है का प्रसारण टेलीविजन चैनल स्टार प्लस पर होता है।

रोहित की फिल्म में अभिषेक ने विलेन बनने से किया इनकार

रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म सिंबा में अभिषेक बच्चन ने काम करने से इनकार कर दिया है. रोहित ने अभिषेक को फिल्म में विलेन का रोल ऑफर किया था, लेकिन जूनियर बच्चन ने इस रोल को ठुकरा दिया. अभिषेक की तरफ से इस रोल को मना करने के पीछे का कारण तो साफ नहीं है, लेकिन अब सामने आ रहा है कि उनको दिया गया विलेन का रोल अब आर माधवन निभाएंगे.

स्पॉटब्वॉय की रिपोर्ट के मुताबिक, माधवन से पहले रोहित ने निगेटिव किरदार का रोल अभिषेक बच्चन को ऑफर किया था. इसके मुताबिक अभिषेक को रणवीर और सारा की जिंदगी में मुश्किलें खड़ी करनी थी, लेकिन शायद करियर के इस मोड़ पर आकर अभिषेक निगेटिव रोल नहीं करना चाहते थे.

इससे पहले साल 2012 में अभिषेक और रोहित शेट्टी फिल्म बोल बच्चन में साथ काम कर चुके हैं. लेकिन फिर भी अभिषेक ने रोहित की फिल्म में विलेन के रोल को 'न' करने का फैसला लिया है, जो फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर को भी थोड़ा अजीब लगा, क्योंकि करण जौहर के साथ भी अभिषेक कभी अलविदा न कहना जैसी हिट फिल्म कर चुके हैं. ऐसे में ये करण के लिए भी थोड़ा अजीब है.

बता दें कि अभिषेक बच्चन जल्द ही साजिद खान की हाउसफुल 4 और अनुराग कश्यप की मनमर्जियां में नजर आएंगे. हाल ही में 'मनमर्जियां' फिल्म से जुड़ा उनका एक लुक भी जारी हुआ था, जिसमें वे पगड़ी पहने नजर आए थे.

जैकी भगनानी को डेट कर रही हैं टीवी एक्ट्रेस कृतिका कामरा

बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली टीवी एक्ट्रेसेज की लिस्ट में एक्ट्रेस कृतिका कामरा का नाम भी जुड़ गया है. कृतिका बॉलीवुड में जल्द ही एक्टर जैकी भगनानी के अपोजिट नजर आने वाली हैं. लेकिन डेब्यू से पहले ही कृतिका खबरों का हिस्सा बनती नजर आ रही हैं. कृतिका और जैकी का एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें कृतिका और जैकी हैंग आउट करते नजर आ रहे हैं. बता दें कि पिछले साल अक्टूबर में कृतिका ने अपना 29वां बर्थ डे जैकी के साथ सेलिब्रेट किया था. कृतिका तेलुगु की नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म पिल्ली चोपुल्लू के हिंदी रीमेक में जैकी के साथ नजर आएंगी.

डेकेन क्रॉनिकल की खबर के मुताबिक बॉलीवुड डेब्यू के अलावा भी दोनों एक्टर्स को एक-दूसरे के साथ टाइम स्पेंड करना अच्छा लगता है. हाल ही में दोनों को एक नाइटक्लब में साथ देखा गया. खबरों की मानें तो दोनों को अक्सर हैंगऑउट करते हुए देखा जाता है. पिछले साल अक्टूबर में कृतिका ने अपना 29वां बर्थ डे जैकी के साथ सेलिब्रेट किया था. कृतिका ने अपनी फोटोज भी सोशल मीडिया पर शेयर की थीं और उस समय दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए अहमदाबाद में थे.

बता दें कि तेलुगु की नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्म पिल्ली चोपुल्लू की हिंदी रीमेक में कृतिका और जैकी साथ काम कर रहे हैं. फिल्म में जैकी एक गुजराती लड़के के किरदार में नजर आएंगे. कृतिका की ये पहली बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है. कई फेमस टीवी शोज में नजर आ चुकी कृतिका पिछले दिनों शो चंद्रकांता में दिखी थीं. वहीं जैकी हालिया रिलीज फिल्म दिल जंगली है में नजर आए थे.

अनुष्का शर्मा अपने प्रॉडक्शन में बनाने जा रही हैं 3 और नई फिल्में!

जब से अनुष्का शर्मा ने प्रॉडक्शन के क्षेत्र में अपना कदम रखा है, उसके बाद से अब तक उन्होंमे 3 फिल्में की हैं जिनमें एनएच 10, फिल्लौरी और परी शामिल हैं। तीनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स की ओर जमकर तारीफें तो मिली ही साथ ही बॉक्स ऑफिस पर पर अच्छा-खासा प्रदर्शन रहा। अब कहा जा

रहा है कि अनुष्का अपने प्रॉडक्शन में तैयार होने वाली फिल्मों की संख्या बहुत जल्द बढ़ाने जा रही हैं।

लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, अनुष्का अपने प्रॉडक्शन बैनर के तहत अब तीन नई फिल्मों की प्लानिंग कर रही हैं। कहा जा रहा है कि बहुत जल्द वह अपनी इन फिल्मों की घोषणा करेंगी। बताया जा रहा है कि ये तीनों फिल्में अलग-अलग जॉनर की होंगी, जैसी उनकी पिछली तीनों फिल्में रही हैं।

बता दें कि इस साल उनकी 3 फिल्में नज़र आनेवाली हैं, जिनमें अनुष्का लीड ऐक्ट्रेस के रूप में नज़र आ रही हैं। राजकुमार हिरानी की संजय दत्त की बायॉपिक, वरुण धवन के ऑपोज़िट फिल्म और ज़ीरो में शाहरुख खान के ऑपोज़िट दिखेंगी।

पक्की हो गई तारीख, दिसंबर तक होगी दीपिका-रणवीर की शादी

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के बाद जिस सेलिब्रेटी वेडिंग का सबसे ज्यादा इंतजार किया जा रहा है, वो है दीपिका और रणवीर सिंह. अब लगता है कि इन शादी की शहनाई भी इस साल बज ही जाएगी. रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के परिवारों ने साल के

अंत तक दीपिका और रणवीर की शादी कराने का फैसला किया है. बताया ये भी जा रहा है कि शादी के लिए चार तारीखें चुनी गई हैं. दोनों की फिल्मों की डेट्स के अनुसार शादी की एक तारीख तय की जाएगी. सितंबर या दिसंबर में दोनों की शादी हो सकती है. बताया जा रहा है कि दीपिका ने तो अपनी मम्मी और बहन के साथ शादी की शॉपिंग भी शुरू कर दी है. उन्हें गहने और कपड़े खरीदते देखा गया है. हालांकि दीपिका की शादी का जोड़ा कौन डिजाइन करेगा, इस बात से अभी परदा नहीं उठा है. ये जरूर तय माना जा रहा है कि ये शादी हिंदू रीति-रिवाजों से होगी. बताया जा रहा है कि रणवीर और दीपिका भी अनुष्का-विराट की तरह डेस्टिनेशन वेडिंग करना चाहते थे, लेकिन इस पर दोनों परिवारों में सहमति नहीं बनी. अनुष्का और विराट की तरह ही इनकी शादी में सिर्फ करीबी लोगों और रिश्तेदारों के आने की संभावना बताई जा रही है.

शब्द सामथर्य

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ़िक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 63 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

सू-दोकू

	7			4		3		
2			3			9		4
	6			2				
3		1			7		4	
	2			1			6	
8			9		4			1
		2		3		7		
1			7		2	4		3
	5	3		8			7	2

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.63 का हल

9	2	8	3	1	5	7	4	6
4	1	6	8	9	7	2	5	3
7	3	5	4	6	2	8	1	9
2	7	3	9	8	1	4	6	5
5	4	1	6	7	3	9	2	8
6	8	9	2	5	4	1	3	7
3	6	2	7	4	9	5	8	1
8	5	7	1	2	6	3	9	4
1	9	4	5	3	8	6	7	2

राशिफल

मेष- आज आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। हो सकता है कुछ आकस्मिक लाभ भी हो जाए। सायंकाल से लेकर रात्रि तक शुभ व धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। सत्कर्म में खर्च होगा।

वृष- चन्द्रमा आज षष्ठम भाव में राज्य से सम्मान बिलाएगा और आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। आप अपने किए कार्यों की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे। रात्रि के समय किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का चांस है।

मिथुन- चन्द्रमा कन्या राशि पर संचार कर रहा है। कन्या राशि के चन्द्रमा में भाइयों से विवाद उग्र रूप धारण कर सकता है। शत्रु पक्ष की कुचेष्टाएं आपको परेशान करेंगी। आप अपनी कार्यकुशलता से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करें।

कर्क- आपकी राशि पर तुला राशि का बृहस्पति सर्वत्र विजय और सफलता देने वाला है। आज चन्द्रमा भी तृतीय भाव में मनोरथ सिद्धिकारक है। पुराने किसी महान सत्तारूढ़ पुरुष की कृपा से मंत्री पद की प्राप्ति भी हो सकती है। 4-5 माह पूर्व खोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात् मिल जाएगी।

सिंह- आज बिन मेर प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। कारोबार में अकस्मात् लाभ व प्रगति होने से खोया हुआ विश्वास पुनः प्राप्त होगा। मीन राशि वाला कोई व्यक्ति आपके रहस्य जानने का प्रयास करेगा उससे सावधान रहें।

कन्या- जिस वजह से आप के सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जाएगी और आपके रचनात्मक कार्यों में गति आएगी। ज्ञान विज्ञान कला और लेखन कार्य में आपकी दक्षता रंग लाएगी।

तुला- आप जोखिम भरे कार्यों को आसानी से निपटा लेते हैं और आपके परिजन भी इसमें आपका साथ देते हैं। आपके कार्यक्षेत्र के रिस्क से उनका कोई लेना-देना भी नहीं है।

वृश्चिक- आज आपका घरेलू और व्यावसायिक वातावरण काफी अस्त-व्यस्त रहेगा। कई प्रकार के विवाद और इंझट आपके सामने आ सकते हैं। रात्रि का समय किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्य म में व्यतीत होगा।

धनु- जिस प्रकार प्रतियोगिता या परीक्षा को आप उत्तीर्ण कर लेना चाहते हैं, उससे लगता है कि युक्ति संगत प्रयासों का लाभकारी परिणाम सामने आएगा। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा।

मकर- आज आपका मूड सुबह से ही अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्क र में आप बिन मेर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगती हैं तो सभी काम एक-एक कर बनने लगते हैं।

कुंभ- आजकल एकदम से बहुत सारे काम आपके आगे-पीछे आ रहे हैं। आपको अपनी पोजीशन स्पष्ट करनी है, तो फिर अपने वरिष्ठ अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें। आज व्यय भी अधिक होगा।

मीन- जितना भी हो सके आज आप अपने परिवार और रोजगार को ही ठीक तरह से संभलने की चेष्टा करें। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय है। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं।